तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार, 19 मई 2024



4 लुचकी बायोडक्ट का निर्माण पूर्ण लेकिन दोनों ओर की अधूरी सड़क बनी बाधा



प्रवेश सूचना
BMLT (3 years) | DMLT (2 years)
DXRT (2 years) | O.T. (1 years)
D.Pharma (2 years) | Ophthalmic ass. (2 years)
साख्य इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस
अम्बिकापुर 7440435000
रायपुर 7440434000




## डीन व कॉलेज प्रबंधन ने की कार्यों की समीक्षा

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल में व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने चल रहे 50 से अधिक कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- प्राथमिकता वाले कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश

राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए चल रहे निर्माण कार्यों की अधिष्ठाता ने निर्माण एजेंसी व ठेकेदारों के साथ बैठक कर कार्य के प्रगति की समीक्षा की। इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल जल्द से जल्द सुधार कार्यों को पूर्ण करने की बात कही ताकि मरीजों को बेहतर उपचार सुविधा मिल सके। अधिष्ठाता ने ट्रामा सेंटर व एमआरआई मशीन की स्थापना के साथ ही अन्य कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में मरीजों को बेहतर उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए 50 से 52 निर्माण व सुधार कार्य करोड़ों रुपए की लागत से किए जा रहे है। निर्माण कार्यों को शुरू किए दो से ढाई वर्ष का भी समय हो चुका है और कई कार्य पूर्ण हो चुके है जबकि कई निर्माण कार्य अब भी जारी है। ऐसे में मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. आर मूर्ति ने अधीक्षक डॉ. आरसी आर्या, सीजीएमएससी के ईई उमाशंकर पटेल, एसडीओ, सब इंजीनियर, ठेकेदारों के साथ मेडिकल कॉलेज में कॉलेज अस्पताल में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक के दौरान अधिष्ठाता ने बताया कि माइक्रो बैक्टीरियल, ट्यूबरकुलोसिस लैब का उन्नयन, एमआरआई मशीन की स्थापना व ट्रामा सेंटर को चालु करना प्रबंधन की पहली प्राथमिकता है। एमआरआई मशीन की खरीदी 14 करोड़ की राशि से की जानी है और जुलाई तक मशीन स्थापित किए जाने की संभावना है ऐसे में जल्द से जल्द एमआरआई मशीन के लिए ट्रांसफार्मर लगाया जाए। अस्पताल में ट्रामा सेंटर बिल्डिंग के पहले चरण का काम पूर्ण हो चुका है लेकिन उपकरणों की कमी के कारण इसका सम्पूर्ण सदुपयोग नहीं हो पा रहा है। उन्होंने ट्रामा सेंटर, माइक्रो बैक्टीरियल, ट्यूबरकुलोसिस लैब की स्थापना को लेकर चर्चा की।



बैठक में चर्चा करते डीन व अधिकारी।

### शौचालय व ड्रेनेज बड़ी समस्या

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में साफ सफाई के प्रयासों के बाद भी शौचालय की गन्दगी व ड्रेनेज की समस्या से मुक्ति नहीं मिल पा रही है। आए दिन वार्डों के शौचालय जाम होने की शिकयतें मिलती रहती है और इसका प्रमुख कारण यह भी है कि वार्डों में मौजूद शौचालय में मरीज व उनके परिजन डायपर, कपड़ा, बोरा व अन्य सामान डाल देते है जिससे शौचालय जाम हो जाता है। आज बैठक में अस्पताल के शौचालयों की सफाई व ड्रेनेज की समस्या को लेकर चर्चा की गई और समस्या के निदान हेतु कार्ययोजना बनाकर काम करने पर सहमति बनाई गई।

### अन्य निर्माण कार्यों को लेकर हुई समीक्षा

बैठक के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बर्न वार्ड को व्यवस्थित करने की बात कही गई। जबकि टीबी वार्ड, मर्च्युरी के उन्नयन को लेकर भी बैठक में समीक्षा की गई। वहीं अस्पताल के दवा वितरण काउंटर के बगल में ही मेडिसिन का स्टोर रूम बनाने पर सहमति जताई गई ताकि मरीजों को समय पर दवाई मिल सके और उन्हें घंटों इन्तजार ना करना पड़े।

### व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की कवायद

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहे निर्माण कार्यों को लेकर आज सीजीएमएससी के अधिकारियों, ठेकेदारों के साथ बैठक की गई। बैठक में एमआरआई मशीन, ट्रामा सेंटर, लैब, शौचालय व अन्य प्राथमिकता वाले कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने की बात कही गई है। वहीं अन्य सुविधाओं को विकसित करने पर भी सहमति बनाई गई है।

-डॉ. आर मूर्ति
अधिष्ठाता



# एक ही जमीन दो लोगों को बेचा रजिस्ट्री खारिज हुई तो खुला राज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- 11 लाख रुपए की ठगी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

बेचीं हुई जमीन को पुनः साढ़े दस लाख रुपए में पुनः बेचकर धोखाधड़ी करने वाले भूमाफिया को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पहले तो 50 हजार रुपए में जमीन को बेच दिया और फिर दूसरे युवक से उसी जमीन के लिए साढ़े दस लाख रुपए वसूल लिए लेकिन मामले का खुलासा तब हुआ जब पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्री को खारिज कर दिया गया। गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चोपड़ा पारा रिंग रोड निवासी मुख्तार अंसारी को केदारपुर निवासी अखिलेश शुक्ला ने अजिरमा में खसरा नंबर 798 /1 रकबा 0.110 हेक्टयेर जमीन को अपना बताकर बेचने के लिए 10.50 लाख रुपए में अनुबंध किया था और जमीन के बदले रुपए भी ले लिया। अनुबंध के बाद जब मुख्तार अंसारी जमीन की रजिस्ट्री के लिए रजिस्ट्रार कार्यालय पहुंचा तो उसकी रजिस्ट्री को खारिज कर दिया गया क्यों कि उक्त जमीन सुखरी निवासी शत्रुधन यादव व अन्य के नाम पर रजिस्ट्री की जा चुकी थी। ऐसे में अपने साथ हुई धोखाधड़ी की शिकायत युवक ने पुलिस से की थी। पुलिस ने मामले में केदारपुर मिशन हॉस्पिटल रोड निवासी 48 वर्षीय अखिलेश शुक्ला को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने बताया कि उसने पहले उक्त जमीन को 50 हाजर रुपए में शत्रुधन यादव को बेच दिया और उसकी रजिस्ट्री भी हो गई लेकिन पैसों की लालच में उसने पुनः उक्त जमीन को साढ़े दस लाख रुपए में मुख्तार अंसारी को बेच दिया था। ऐसे में शत्रुधन यादव व मुख्तार अंसारी से 11 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने अखिलेश शुक्ला को धारा 420 के तहत गिरफ्तार कर लिए है और अनुबंध से संबंधित दस्तावेज जब्त किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर अश्वनी सिंह, उप निरीक्षक रश्मि सिंह, महिला प्रधान आरक्षक राधा यादव, आरक्षक देवेंद्र पाठक अनिल पैकरा, अनिल सिंह परिहार शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### सारणीकरण कार्य हेतु अधिकारी कर्मचारियों की लगी ड्यूटी

**अम्बिकापुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 मतगणना तिथि 4 जून को मतगणना कार्य से संबंधित केन्द्रीय सारणीकरण टेबल में सारणीकरण कार्य हेतु नगर पालिक निगम आयुक्त प्रकाश सिंह राजपूत नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत के लेखाधिकारी राकेश सिन्हा सहायक नोडल अधिकारी होंगे। इसके साथ ही सारणीकरण कार्य हेतु हसदेव गंगा कछार कार्यालय के लेखाधिकारी नंद किशोर चक्रधारी, जिला कोषालय के सहायक कोषालय अधिकारी मनोज कुमार शर्मा एवं प्रकाश कश्यप, रागाशिमि के सहायक प्रोग्रामर विशाल वर्मा, कलेक्टर कार्यालय के सहायक ग्रेड-2 दिलीप सिन्हा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय अम्बिकापुर के सहायक ग्रेड-2 केशव प्रसाद सिंह की ड्यूटी लगाई गई है। इन सभी का मतगणना सम्बन्धी प्रशिक्षण 29 मई 2024 को प्रातः 11 बजे जिला कलेक्टोरेट परिसर स्थित एनआईसी कक्ष में आयोजित है।

### ईवीएम व कंट्रोल यूनिट को मतगणना कक्ष तक लाने अधिकारी नियुक्त

**अम्बिकापुर।** लोकसभा निर्वाचन हेतु स्ट्रांग रूम से ईवीएम मशीन को कन्ट्रोल यूनिट को मतगणना कक्ष तक ले जाने हेतु अधिकारी-कर्मचारियों को लाईन अधिकारी नियुक्त किया गया है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 9 लुण्ड्रा हेतु राजस्व निरीक्षक संजय कुमार सिंह, धौरपुर के राजस्व निरीक्षक सबल साय एक्का को मतगणना कक्ष से सिलिंग रूप में ईवीएम मशीन ले जाने हेतु लाईन अधिकारी नियुक्त किया गया है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर हेतु स्ट्रांग रूम से मतगणना कक्ष तक ईवीएम मशीन ले जाने हेतु अम्बिकापुर के राजस्व निरीक्षक राजनंदन राजवाड़े तथा मतगणना कक्ष से सिलिंग रूप में ईवीएम मशीन ले जाने हेतु अम्बिकापुर राजस्व निरीक्षक नजूल विजय कुमार श्रीवास्तव को लाईन अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर हेतु सीतापुर के राजस्व निरीक्षक पुनी राम पैंकरा को स्ट्रांग रूम से मतगणना कक्ष तक ईवीएम मशीन ले जाने हेतु तथा बतौली के राजस्व निरीक्षक शिवपूजन तिवारी को मतगणना कक्ष से सिलिंग रूप में ईवीएम मशीन ले जाने हेतु लाईन अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### बच्चे की मौत के मामले में मर्ग जांच के बाद एफआईआर

**अंबिकापुर।** शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम करासी निवासी 8 वर्षीय श्रवण कुमार आ. हरिलाल 29 अक्टूबर 2023 को सुबह 9 बजे घर के समीप सड़क किनारे खेल रहा था। इस दौरान अज्ञात वाहन चालक ने बच्चे को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल बच्चे को उपचार के लिए प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रिफर किया गया था। रायपुर के डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में उपचार के दौरान 3 नवंबर को बच्चे की मौत हो गई थी। बच्चे की मौत के मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया था और मर्ग जांच के बाद अब पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज किया है।

# बहु को मोबाइल से बात करता देख सनकी ससुर ने उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- हत्याकांड छिपाने लाश को फेंका कुंआ में, पति, सास, ससुर व देवर पकड़ाए

बलरामपुर जिले के डिंडो चौकी क्षेत्र में नव नविवाहिता की कुंए में लाश मिलने के मामले में पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा किया है। मोबाइल फोन पर बहु को बात करता देख सनकी ससुर ने गड़ासा से हत्या कर दी और फिर हत्याकांड को छिपाने के लिए लाश को पत्नी व बेटों के साथ मिलकर कुंए में फेंक दिया। पुलिस ने नव विवाहिता की हत्या के आरोपी में मृतिका के पति, सास, ससुर को गिरफ्तार करने साथ ही नाबालिग देवर को बाल सम्प्रेक्षण गृह भेज दिया है। बताया जा रहा है कि 15 मई की सुबह चेरा बरून पारा निवासी 22 वर्षीया नवविवाहिता पूजा यादव पति आशीष यादव की लाश घर के पीछे रामजीत यादव के कुंए में मिली थी। मृतिका के ससुर ने पुलिस को घटना की जानकारी दी थी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा लाश को पीएम के लिए भेजने के साथ ही घटना की जांच की जा रही थी। इस दौरान परिजन ने नव विवाहिता की हत्या किए जाने सम्भावना जताते हुए ससुराल पक्ष पर आरोप लगाया था। पीएम रिपोर्ट में भी महिला की हत्या किए जाने की पुष्टि होने के बाद एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर एएसपी निमेष बरैया व एसडीओपी याकूब मेनन के नेतृत्व में पुलिस टीम घटना की जांच कर रही थी। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि झारखंड के गढ़वा डंडई अंतर्गत ग्राम लवाही निवासी 22 वर्षीय पूजा यादव पति राजेंद्र यादव का विवाह 3 मई 2023 को सामाजिक रीति रिवाज के साथ आशीष यादव आ. जयप्रकाश यादव से हुआ था। मृतिका के पिता राजेंद्र प्रसाद यादव, मां पार्वती यादव, भाई कंचन यादव ने पुलिस को बताया कि फरवरी माह में उन्होंने दामाद को बोलेरो गाड़ी खरीदने के लिए 95 हजार रुपए दो बार में दिए थे जबकि 20 दिन पूर्व ही उन्होंने अपनी बेटी को एक मोबाइल फोन खरीदकर दिया था ताकि वो घर वालों से बात कर सके लेकिन फोन मिलने के बाद ससुराल पक्ष को शंका थी कि मृतिका किसी दूसरे लड़के से बात करती है और इसी लिए उन्होंने उसकी हत्या कर लाश को कुंए में फेंक दिया। परिजन के बयान के आधार पर जब पुलिस ने ससुर जयप्रकाश यादव, सास रीता यादव, पति आशीष यादव व नाबालिग देवर को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने पति आशीष यादव, ससुर जयप्रकाश यादव व सास रीता यादव को धारा 302, 201,34 के तहत गिरफ्तार कर लिया जबकि विधि संघर्षरत बालक को बाल सम्प्रेक्षण गृह भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी त्रिकुण्डा रामनगीना यादव, चौकी प्रभारी डिण्डो निर्मल प्रसाद राजवाडे, सउनि मरियानुस खालखो, नरेन्द्र तिवारी, प्रधान आरक्षक प्रधेश पैकरा, आरक्षक विजय गुप्ता, रूपेन्द्र पटेल, शिवभजन पोर्ते तेजूराम, संजीव भगत विजेन्द्र भगत, डीएसएफ नन्दलाल गोस्वामी नरेन्द्र सिंह सक्रिय रहे।



### इस तरह दिया घटना को अंजाम

पुलिस के अनुसार 14 मई की रात पूजा यादव का ससुर जयप्रकाश यादव गांव के सरपंच पति के घर बर्थ डे पार्टी में गया हुआ था और रात लगभग 11 बजे जब वह वापस घर लौटा तो बहु मोबाइल फोन पर बात कर रही थी। बहु को मोबाइल पर बात करते देख किसी दूसरे लड़के से बात करने की आरोपी ससुर ने पशुओं का चारा काटने के लिए रखे गड़ासा से पूजा यादव के सिर पर हमला कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बहु को मौत घाट उतारने के बाद आरोपी ने बेटे आशीष यादव, पत्नी रीता यादव व नाबालिग बेटे के साथ मिलकर लाश को घर के पीछे रामजीत यादव के कुंआ में फेंक दिया। अगली सुबह उसने बहु के रातभर घर से गायब रहने और फिर कुंआ में लाश मिलने की झूठी कहानी गढ़ दी। पुलिस ने आरोपियों से घटना में प्रयुक्त गड़ासा, खून लगे कपडे जब्त किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी झगड़ालू प्रवृत्ति के है और गांव में भी उनसे दूर रहते है।

# सर्पदंश से 6 वर्षीया मासूम की मौत, मृत करैत को लेकर परिजन पहुंचे अस्पताल



मासूम का शव।



मृत करैत सर्प को लेकर अस्पताल परिसर में मौजूद परिजन।

**लखनपुर।** ग्राम शोयदा में घर की परछी में सो रही 6 वर्षीया मासूम की सांप काटने से मौत हो गई। परिजन पीड़िता एवं मृत सांप को लेकर अस्पताल पहुंचा जहां सांप को देखकर लोग हैरान रह गए। बच्ची की मौत से परिवार में शोक का माहौल है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम शोयदा निवासी रामसिंह रजक बीती रात अपने परिवार के साथ घर की परछी में चटाई बिछाकर सोया था। रत्रि 12 बजे 6 वर्षीय आनंदी रजक चिल्लाने लगी। बच्ची की आवाज सुनकर पिता ने उठकर देखा कि करैत सांप बच्ची के गले में लिपटा है। उसने किसी तरह सांप को गले से निकाला और बच्ची को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन की सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंचकर पीएम करा शव परिजन के सुपूर्द किया तथा मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। परिजन शनिवार की सुबह मृत करैत सांप को लेकर अस्पताल पहंचे। सांप को देख लोगों की भीड़ लग गई और सांप को देखकर लोग हैरान रह गए।

***अंबिकापुर।** बलरामपुर जिले के राजपुर थाना अंतर्गत बकसपुर निवासी अमीन साय आ. सस्तु राम वाहन चलाने का काम करता है। युवक 17 मई की रात गांव में शादी समारोह में गया हुआ था। इस दौरान भोर में डीजे बजाने को लेकर गांव के शिवप्रसाद सिंह द्वारा युवक के साथ जमकर मारपीट की गई। युवक की शिकायत पर पुलिस ने धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

# शराब पीकर वाहन चलाने वालों की खैर नहीं, अब वाहन होंगे जब्त





हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- कार व पिकअप वाहन जब्त, चालकों पर की गई कार्रवाई

सरगुजा में अब शराब पीकर वाहन चलाने वालों की खैर नहीं है। पुलिस द्वारा अब ब्रीद एनालाइजर से जांच करने के साथ ही शराबी चालकों पर कार्रवाई की जा रही है जबकि वाहनों के जब्ती की कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि चार पहिया व दो पहिया वाहन चालक शराब पीकर वाहन चलाते है और दुर्घटना को अंजाम देते है। ऐसे में एसपी के निर्देश पर शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में गांधीनगर पुलिस द्वारा मनेन्द्रगढ़ रोड में वाहनों की जांच के लिए चेकिंग प्वाइंट लगाया गया था। चेकिंग प्वाइंट में जांच के दौरान पिकअप क्रमांक यूपी 64 बीटी 3651 काफी तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चला रहा था। ऐसे में पुलिस ने वाहन को रोककर चालक की जांच की गई तो वह शराब के नशे में वाहन चलाते मिला। पुलिस ने मामले में सूरजपुर जिले के जयनगर कुंजनगर निवासी 32 वर्षीय प्रकाश राजवाड़े को धारा 184, 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत गिरफ्तार कर वाहन को जब्त कर लिया है। इसी तरह कार क्रमांक सीजी 10 एक्स 8299 को रोककर जब उसकी जांच की गई तो चालक शराब के नशे में धुत मिला। शराब पीकर खतरनाक ढंग से वाहन चलाने के मामले में पुलिस ने गांधीनगर बैंकर्स कालोनी निवासी 57 वर्षीय पौलुस कुजूर को 184, 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत गिरफ्तार कर वाहन को जब्त किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर अश्वनी सिंह, प्रधान आरक्षक संतोष कश्यप, आरक्षक पवन यादव, विजय कुमार शामिल रहे।

## शहर के रैदास वार्ड में की गई कार्रवाई, लोगों को दी गई समझाइश

# सड़क पर निर्माण सामग्री डम्प कर किया था अतिक्रमण, ननि ने किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में अतिक्रमण के खिलाफ एक बार फिर से नगर निगम ने कार्रवाई शुरू कर दी है। अतिक्रमण हटाने को लेकर निगम आयुक्त आज स्वयं सड़क पर उतरे व सड़क किनारे गिराई गई निर्माण सामग्री को जब्त करने के साथ ही लोगों को समझाइस देकर भविष्य में कार्रवाई की चेतावनी दी।

बता दें कि शहर में जगह जगह निर्माण कार्य चल रहे है और निर्माण कार्य के दौरान बड़ी मात्रा में रेत, गिट्टी व ईंट को सड़क पर गिरा दिया जाता है जिससे सड़क पर आवागमन बाधित होता है जबकि लोग रेत के कारण दुर्घटना के भी शिकार होते है। सड़क पर मनमाने ढंग से गिराई गई निर्माण सामग्री के कारण अतिक्रमण की स्थिति बनती है। बताया जा रहा है कि शहर के मिशन चौक रैदास वार्ड क्रमांक 17 में भी पखवाड़े भर से अधिक समय से एक व्यक्ति द्वारा निर्माण कार्य के लिए बड़ी मात्रा में सीएनडी वेस्ट को सड़क पर फैलाकर रखा गया था। सड़क पर निर्माण सामग्री होने के कारण आए दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे थे जबकि आवागमन प्रभावित हो गया था। इस मामले की शिकायत पूर्व में नगर निगम से की गई थी जिसपर नगर निगम की उड़न दस्ता टीम द्वारा निर्माण करने वाले व्यक्ति को समझाइस देकर निर्माण सामग्री स्वयं से हटाने कहा गया था लेकिन समझाइस के बाद भी निर्माण सामग्री नहीं हटाई गई ऐसे में आज स्वयं नगर निगम आयुक्त मौके पर पहुंचे और निर्माण सामग्री को जब्त कर सड़क को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया।

आयुक्त की मौजूदगी में ननि की उड़न दस्ता टीम द्वारा जेसीबी की मदद से निर्माण सामग्री को जब्त किया गया। इसके साथ ही निगम द्वारा समझाइस दी गई है कि यदि सड़क पर अनावश्यक रूप से निर्माण सामग्री गिराकर अतिक्रमण किया जाता है तो निगम द्वारा जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।




जब्ती की कार्रवाई करते ननिकर्मी।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# इन सितारों ने की परदे के लंगूरों की कमाल एक्टिंग



**लॉस एंजिलिस।** फिल्म 'द किंगडम ऑफ द प्लैनेट ऑफ द एप्स' पूरी दुनिया मे रिलीज हो चुकी है। कहानी का आधार वही 'प्लैनट ऑफ द एप्स' है जिसे पहली बार परदे पर 1968 में उतारा गया था। हालांकि तब कहानी एक ऐसे ग्रह पर पहुंचे इंसानों की थी, जहां वानर राज कायम है। फिर इस कहानी में तब्दीलियां हुई। इसे धरती पर ही इंसानों के बनाए विषाणु से जोड़ा गया। पिछली तीन फिल्में इस सीरीज की सुपरहिट रहीं। 'राइज', 'डान' और 'वॉर' के आखिर में सीजर की मौत के बाद अब इस फ्रेंचाइजी ने नई करवट ली है। तीन नई फिल्मों में एक नई कहानी दिखाने की शुरुआत फिल्म 'किंगडम ऑफ द प्लैनेट ऑफ द एप्स' से हो चुकी है, ये इस रीबूट वर्जन ट्रायलॉजी की पहली फिल्म है। फिल्म 'किंगडम ऑफ द प्लैनेट ऑफ द एप्स' की कहानी दिलचस्प है। जब ये मान लिया गया है कि धरती से इंसानों का विनाश हो चुका है और यहां हर तरफ फैल चुके लंगूरों ने आपस में ही भिड़ना शुरू कर दिया है तो एक नया अध्याय शुरू होता है। लंगूरों के ईगल कुनबे का शहजादा नोआ इस इतिहास की नई कहानी लिखता है और इस संघर्ष में उसका साथ देते हैं उसके दो दोस्त, उसकी मां, एक बुजुर्ग दोस्त और एक इंसानी युवती। लेकिन, इन किरदारों को निभाने वाले कलाकारों के बारे में विस्तार से जानने से पहले आपको ये बताना जरूरी है कि ये फिल्में बनती कैसे हैं। ये तकनीक मोशन कैप्चर फिल्म मेकिंग कहलाती है और इस तकनीक पर ही 'अवतार', 'किंग कॉन्ग' और 'बैटल एंजिल' जैसी फिल्में बनी हैं। मार्वल की एवेंजर्स सीरीज का विलेन थानोस भी ऐसे ही रचा गया था। एंडी सरकिस ने ही 2005 में रिलीज फिल्म 'किंग कॉन्ग' में शीर्षक किरदार की एक्टिंग की थी। अब बात करते हैं फिल्म 'किंगडम ऑफ द प्लैनेट ऑफ द एप्स' की। इस फिल्म का हीरो है ईगल कुनबे के सरदार का बेटा नोआ। नोआ एक ऐसा किरदार है जो मासूम भी है और जरूरत पड़ने पर वह सख्त भी हो जाता है।

### टॉलीवुड

# प्रभास की एक क्रिप्टिक पोस्ट के बाद शुरू हुई शादी की चर्चा

सुपरस्टार प्रभास ने कुछ देर पहले ही इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट ने लोगों के बीच कंफ्यूजन बढ़ा दी है। इस पोस्ट ने प्रभास की शादी की चर्चा को हवा दी है। प्रभास ने इस पोस्ट में बताया है कि उनकी जिंदगी में किसी खास शख्स की एंट्री हो चुकी है। उस खास शख्स को डार्लिंग्स बता रहे हैं। उनकी इंस्टा स्टोरी को उनके फैन पेज ने जैसे ही प्रभास की पोस्ट को शेयर किया, फैंस ने उनकी गर्लफ्रेंड और शादी के कयास लगाने शुरू कर दिया. उनकी ये पोस्ट तेजी से वायरल हो रही है। प्रभास ने अपनी इंस्टा स्टोरी में लिखा, 'डार्लिंग्स आखिरकार, कोई बहुत खास हमारे लाइफ में एंट्री करने वाला है इंतज़ार करें चेयंडी।' फैंस एक्स पर यह समझने की कोशिश करने लगे कि प्रभास की इस पोस्ट का मलतब क्या है? प्रभास के फैंस ने कयास लगाना शुरू कर दिया कि वह जल्द ही अपनी शादी का ऐलान कर करते हैं। हालांकि, कुछ लोगों ने कयास लगाया कि प्रभास का यह पोस्ट उनकी अपकमिंग फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' से जुड़ी है। प्रभास के फैन ने इस पोस्ट को एक्स पर शेयर करते हुए लिखा,"प्रभास आम तौर पर अपने पर्सनल इंटरेस्ट और चीदों को सोशल मीडिया पर शेयर नहीं करते हैं, खासकर हाल के दिनों में. तो यह संभवतः हैशटैग 'कल्कि 2898 एडी' प्रमोशन या किसी अन्य फिल्म के लिए है!' पोस्ट में आगे लिखा गया, "हर कोई उनकी शादी की अनाउंसमेंट के बारे में खुशखबरी सुनना पसंद करेगा, लेकिन वह इससे जुड़ा अपडेट आगे देंगे." शादी को लेकर पिछले साल एक चैट शो में प्रभास ने मजाकिया अंदाज में कहा था कि जब सलमान खान शादी कर लेंगे, उसके बाद शादी करेंगे. प्रभास को आखिरी बार फिल्म 'सालार' में देखा गया था। फिल्म ब्लॉकबस्टर हुई थी। इससे पहले आई उनकी मेगाबजट 'आदिपुरुष' बॉक्स ऑफिस पर डिजास्टर साबित हुई थी। अब वह साइंस फिक्शन 'कल्कि 2898 एडी' में भैरव के किरदार निभाते नजर आएंगे। यह फिल्म 27 जून को रिलीज होगी। इसमें दीपिका पादुकोण, दिशा पाटनी, अमिताभ बच्चन समेत कई बड़े स्टार्स हैं।



### भोजपुरी

# 'सास नंबरी बहू दस नंबरी' का ट्रेलर रिलीज


भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में काजल राघवानी की तगड़ी फैन फॉलोइंग है। उनकी अपकमिंग मूवी 'सास नंबरी बहू दस नंबरी' का दमदार ट्रेलर रिलीज हो गया है और रिलीज होते ही ये यूट्यूब पर छा गया है। इस फिल्म में आपको खूब सारे ड्रामे के साथ-साथ बहुत सारा इमोशंस भी देखने को मिलेगा, जो आपकी आंखों में आंसू ला देगा। 'सास नंबरी बहू दस नंबरी' भोजपुरी फिल्म में काजल राघवानी, रितेश उपाध्याय, किरण यादव, मनोज टाइगर, रिंकू भारती, स्वीटी सिंह राजपूत, राम नरेश श्रीवास्तव, जय प्रकाश सिंह, संगीता राय, प्रेम दुबे, पुष्पेंद्र राय, कुणाल कुमार, रागिनी यादव, संजू सोलंकी, रमजान खान ,अशोक गुप्ता, बबिता राय व अन्य सितारे हैं। 2 मिनट 50 सेकेंड के इस वीडियो को यूट्यूब पर अब तक 227,107 व्यूज मिल चुके हैं। इसमें दिखाया गया है कि सास अपनी बहू को बिल्कुल भी पसंद नहीं करती है, लेकिन अगर सास नंबरी है तो बहू दस नंबरी है। वो ऐसी चाल चलती है कि सासू मां के चारो खाने चित्त हो जाते हैं। पति उन्हें ही घर से निकाल बाहर करता है। इस मजेदार वीडियो को देखने के बाद फैंस की एक्साइटमेंट बढ़ गई है।



## लाइफ स्टाइल

# सोने के कांटों से सजा गाउन पहन कान्स पहुंची हसीना

*कान्स फिल्म फेस्टिवल में फ्रांस की एक हसीना ने अपने लुक से सबको हैरान कर दिया है। दरअसल, फ्रांस की आइरिस मित्तेनेरे सोने के कांटों से सजी आउटफिट पहनकर रेड कार्पेट पर पहुंचीं और अपनी अदाओं का ऐसा जादू चलाया कि हर कोई बस उन्हें देखता ही रह गया। उनका यह आउटफिट इतना यूनिक था कि वह आसानी से सबका ध्यान अपनी ओर खींचने में सफल हो गईं। आइरिस फेमस मॉडल और टीवी*



# चेहरे के लिए बेस्ट हैं ये आयुर्वेदिक ब्यूटी टिप्स

हम केमिकल वाले क्रीम पाउडर से लेकर लोशन और स्क्रब तक कई चीजों का इस्तेमाल करते हैं। साथ ही जब भी सेहत की बात आती है तो हम कोशिश करते हैं कि आयुर्वेद को अपनाया जाए, तो फिर स्किन की देखभाल के लिए आयुर्वेदिक टिप्स क्यों नहीं? 'स्कूल ऑफ आयुर्वेदा एंड पंचकर्मा' के अनुसार आज हम आपको आयुर्वेद से जुड़ी ऐसी ही कुछ टिप्स के बारे में बताने वाले हैं, जो आपकी स्किन को ग्लो देने के साथ-साथ हेल्दी भी रखेंगी। इन टिप्स का सबसे अच्छा फायदा ये है कि इनसे किसी भी तरह के साइड इफेक्ट होने की संभावना नहीं होती है।

## आयुर्वेद के अनुसार ऐसा हो स्किन केयर रूटीन?

अगर आप अपनी स्किन को हेल्दी रखना चाहते हैं, जिसके लिए इन कुछ टिप्स को अपना सकते हैं। इन टिप्स को जानने से पहले आपको ये पता होना भी जरूरी है कि आपका स्किन टाइप कौन सा है। साथ ही रोज सुबह उठकर चेहरे को पानी से धोएं, इससे स्किन का एक्सफोलिएशन बढ़ेगा, त्वचा रिपेयर होने के साथ-साथ मॉइश्चराइज भी होगी।



## स्किन को रूखा न रखें

हम कई तरह के फेस वॉश और पैक का इस्तेमाल करते हैं जो कुछ हद तक हमारी स्किन से नमी को सोख लेते हैं, जिसकी वजह से त्वचा रूखी और खुरदरी नजर आने लगती है। इसलिए आयुर्वेद कहता है कि मॉइश्चराइजर की जगह मसाज करने और गर्म तेल से मसाज कर के अभ्यंग करने का अभ्यास करें। इसे सर्कुलेशन मोशन करें। ये स्किन को डिटॉक्सीफिकेशन कर टिशू से गंदगी को साफ करने का काम करते हैं।

## रोजाना व्यायाम करें

'स्कूल ऑफ आयुर्वेदा एंड पंचकर्मा' के लेख के अनुसार आयुर्वेद कहता है कि हमारा शरीर खुद को ठीक रखने के लिए व्यायाम चाहता है, जो हमारे ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाने का काम करता है। इससे स्किन में निखार आता है और मसल स्ट्रैच होती हैं, जिसकी वजह से त्वचा जवान और निखरी हुई नजर आती है।

## पूरी नींद से निखरे की त्वचा

*हमारे शरीर की जब भी कोई परेशानी होती है उसका एक कारण नींद का पूरा न होना होता है। अगर आप अपनी स्किन को हेल्दी रखने के लिए कई स्किन और ब्यूटी प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं लेकिन नींद पूरी नहीं ले रहे हैं तो उपयोग की गई सभी चीजों का कोई प्रभाव नहीं रहेगा। आयुर्वेद के अनुसार स्वास्थ्य के लिए पूरी नींद लेना बहुत जरूरी होता है। अगर आपकी पर्याप्त मात्रा में नहीं सोते हैं तो आंखों में सूजन और स्किन एजिंग की समस्या हो सकती है।*

## इन बातों का भी रखें ध्यान

*आयुर्वेद के अनुसार तनाव लेने से स्किन और दिमाग, दोनों ही प्रभावित होते हैं। इसलिए स्ट्रेस को कम करने के लिए मेडिटेशन करें, ये तनाव भी कम होगा और इम्यूनिटी को बेहतर करने का भी काम करता है। आयुर्वेद इस बात पर जोर देता है कि आप हेल्दी और बैलेंस डाइट का रूल फॉलो करें। ये आपके शरीर को अंदर और बाहर दोनों से साफ रखता है और त्वाचा में खिला-खिला निखार देता है।*

# पतले टांगों वाले लड़कों के लिए बेस्ट हैं ये 3 जींस पैंट्स



फैशन

हर मौसम में जींस लड़कों के वार्डरोब को कंप्लीट बनाने का काम करता है। कहीं भी जाना हो, बस एक जींस निकाला और पहनकर तैयार। हालांकि कई लड़कों को अपने लिए जींस चूज करने में परेशानी होती है। दरअसल, इन दिनों बाजार में इतने तरह के जींस हैं कि खरीदने जाओ तो समझ ही नहीं आता कि आखिर कौन सा जींस किस तरह के लोगों पर अच्छा लगेगा। मसलन, स्लिम फिट लूं या लूज बैगी डिजाइन लूं या कुछ और। अगर आप पतले-दुबले हैं और अपने पतले पैरों को परफेक्ट दिखाना चाहते हैं किस तरह का पैंट आपकी पर्सनैलिटी को निखारने का काम करेगा।

## कार्गो

पतले पैरों के लिए कार्गो पैंट परफेक्ट होता है। इसके फैब्रिक्स और पॉकेट्स स्किनी लेग्स को हाइड करती हैं। इनकी कटिंग बॉडी शेप को वाइड बनाता है और ये दिखने में काफी स्टाइलिश और रफ टफ लुक भी क्रिएट करता है। आप इसे टीशर्ट या कैजुअल शर्ट के साथ पहन सकते हैं। कार्गो पैंट्स हल्के और गहरे दोनों रंगों के बड़े आसानी से मिल जाते हैं। गर्मी के दिनों में अगर आप लाइट ब्राउन कार्गो पैंट लें तो ये काफी अच्छा लगेगा। आप ग्रे या आर्मी कलर कार्गो भी ले सकते हैं। ऐसे जींस आपको क्लासी लुक प्रोवाइड करता है।




## बैगी जींस

कूल और कंफर्टेबल लुक के लिए आप बाजार से बैगी जींस खरीद सकते हैं। ये जीस कैजुअल ओकेजन के लिए परफेक्ट होते हैं। आप अगर अपने लिए बैगी जींस ले रहे हैं तो इस बात का जरूर ध्यान रखें कि इसका साइज आपके कमर से परफेक्ट हो। आप एक साइज बड़ा साइज ले सकते हैं और ऑल्टर या बेल्ट के साथ पहन सकते हैं। लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि पैंट अधिक बैगी ना हो।

## जॉगर्स

जॉगर्स भी इन दिनों काफी फैशन में है। स्किनी और स्लिम फिट वाले लड़कों पर तो ये काफी अच्छी दिखती है। खासतौर पर अगर आप कॉलेज जाते हैं तो ये पैंट आप अपने वार्डरोब में जरूर रखें। इसे आप कैजुअल ओकेजन में बड़े आराम से कैरी कर सकते हैं। ऐसे जीस राउंड नेक टीशर्ट और स्नीकर्स के साथ अच्छे दिखते हैं।

# चेहरा भर गया पिंपल्स से और फेस से ग्लो भी है गायब?



*आए दिन मेकअप का ट्रेड बढ़ाता जा रहा है। परफेक्ट दिखने के लिए महिलाएं दिनभर मेकअप लगाकर रहती हैं और देर रात इन कैमिकल प्रोडक्ट को स्किन से उतारती हैं।इन प्रोडक्ट के रेग्युलर इस्तेमाल से स्किन को काफी नुकसान पहुंचता है। ऐसे में अगर आप कुछ घंटों या दिन के लिए अपने मेकअप प्रोडक्ट का इस्तेमाल बंद कर दें और स्किन को हर तरह के प्रोडक्ट से दूर रखें तो आपकी स्किन पर काफी पॉजिटिव असर दिखेगा और स्किन रिलैक्स रहेगी। इसी कॉन्सेप्ट के साथ इन दिनों स्किन फास्टिंग टेकनीक काफी ट्रेंड में है। दरअसल, स्किन फास्टिंग एक प्रक्रिया है जिसमें स्किन को मेकअप और स्किन केयर प्रोडक्ट से ब्रेक दिया जाता है और उसे रीसेट और रीबैलेंस होने के लिए उसे बॉडी के नेचुरल हीलिंग प्रोसेस में जाने की अनुमति दी जाती है।*

## यह है स्किन फास्टिंग

आमतौर पर हम रात में सोने से पहले और सुबह उठने के बाद स्किन केयर रुटीन को फॉलो करते हैं। इसके लिए रात में क्लीनजर, टोनर, सीरम और मॉश्चराइज आदि प्रोडक्ट का प्रयोग करते हैं, जिससे स्किन हेल्दी और प्रॉब्लम फ्री रहे। इसके अलावा, सुबह भी कई तरह के प्रोडक्ट हम स्किन पर अप्लाई करते हैं। लेकिन स्किन फास्टिंग एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें स्किन को इन सब चीजों से कुछ दिन या महीने के लिए ब्रेक दिया जाता है। इसके तहत चेहरे को केवल मइल्ड क्लीनर और बेसिक मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल किया जाता है और अन्य सभी प्रोडक्ट से स्किन को दूर रखा जाता है।

## यह मिलता है फायदा

इस तरह स्किन नेचुरल प्रोसेस में खुद का हील कर पाती है, स्किन का पीएच लेवल रेगुलेट हो पाता है और यह बाहरी दिक्कतों को दूर करने में सक्षम हो पाता है। इस तरह स्किन की सेंसिटिविटी कम होती है, ओवरलोड प्रोडक्ट से स्किन बचता है और स्किन को नेचुरली हील होने का मौका मिलता है।

# झाइयां दूर करने का मिल गया जुगाड़

क्लीन और स्पॉटलेस स्किन खूबसूरती के लिए जरूरी माना जाता है। लेकिन जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है स्किन पर झाइयों के निशान आने लगते हैं और इनकी वजह से चेहरा दाग धब्बेदार दिखने लगता है। एक बार अगर झाइयां चेहरे पर आ जाएं तो इन्हें हटाना नामुमकिन सा लगता है। लेकिन अगर आप इसे रोकना चाहते हैं और स्किन को स्पॉटलेस बनाना चाहते हैं तो किचन में रखे आलू की मदद लें। अगर आप स्किन के दाग धब्बों को हटाने के लिए आलू का इस्तेमाल सही तरीके से करें तो चेहरे पर मौजूद इन जिद्दी दाग को बड़ी आसानी से हटाया जा सकता है।



## पहला तरीका

एक आलू को मिक्सी में पीस लें और छन्नी की मदद से इसके रस को निकाल लें। अब इस रस को कुछ देर फ्रिज में रख दें। जब ये अच्छी तरह ठंडा हो जाए तो इसमें एक चम्मच नींबू का रस मिलाएं और कॉटन की मदद से स्किन पर इसे लगाएं। 10 से 15 मिनट के बाद इसे धो लें। सप्ताह में 3 दिन इसका इस्तेमाल करें।

## दूसरा तरीका

एक आलू को मिक्सी में पीस लें और एक कटोरी में रखें। अब इसमें एक चम्मच दही मिला लें। अच्छी तरह मिल जाए तो आप इसे अपने साफ धुले चेहरे पर अच्छी तरह से अप्लाई करें। दही में मौजूद लैक्टिक एसिड दाग को हटाएगा और चेहरा क्लीन दिखेगा। इसे भी 10 मिनट बाद धो लें।

## तीसरा तरीका


आप एक आलू को आधा काट लें और उस पर हल्दी छिड़क लें। अब आप इसे अपने साफ चेहरे पर उस जगह रगड़ें जहां पर झाइयां हो गई हैं। हल्दी में कई ऐसे एंटीऑक्सीडेंट तत्व हैं जो दाग को हटाकर चेहरे पर निखार लाती हैं। इस तरह आपके चेहरे से झाइयों के दाग तो जाएंगे ही, स्किन पर एक नेचुरल निखार भी आएगा। हालांकि जब भी इन फेस पैक का इस्तेमाल करें तो पहले स्किन पर पैच टेस्ट जरूर कर लें। अगर किसी तरह की परेशानी हो तो तुरंत इस्तेमाल बंद कर दें।

## कार्नर न्यूज

## यह होती है हेयर डस्टिंग

# बालों को मोटा और घना बनाने का यह तरीका आ सकता है आपके काम

सोशल मीडिया पर आए दिन अलग-अलग ट्रेंड्स और हैक्स वगैरह देखने को मिल जाते हैं। कुछ तो ऐसी चीजें भी दिखाई दे जाती हैं जिनके बारे में शायद ही कभी सोचा या सुना हो। ऐसी ही एक तकनीक है हेयर डस्टिंग। बालों को लंबा और घना बनाने के लिए हेयर डस्टिंग की जा सकती है और कहा जा रहा है कि इससे ना सिर्फ दोमुंहे बालों की दिक्कत दूर होगी, बल्कि बाल पहले से ज्यादा मुलायम, हेल्दी और खूबसूरत नजर आने लगेंगे। लेकिन, यह हेयर डस्टिंग होती क्या है? जब हम किसी सामान की ऊपरी तौर पर सफाई करते हैं तो उसे डस्टिंग कहा जाता है। बिल्कुल इसी तरह हेयर डस्टिंग का मतलब है बालों को ऊपर-ऊपर से काटना, यानी ऊपरी सतह से कटिंग करना. हेयर डस्टिंग में सिर्फ दोमुंहे बाल हटाए जाते हैं। इससे बालों की लंबाई जस की तस बनी रहती है और खुरदुरे स्प्लिट एंड्स हट जाने से बाल मुलायम बनते हैं। हर बाल के नीचे नजर आने वाले स्पिल्ट एंड्स को हटाया जाता है जिससे डैमेज्ड बाल भी हट जाते हैं। कहा जा सकता है कि हेयर डस्टिंग से बालों पर वही असर होता है जो ऊनी कपड़ों से रोएं हटाने पर नजर आता है।



## हेयर डस्टिंग तकनीक फायदेमंद क्यों है

*जो लोग बाल बढ़ाना चाहते हैं या फिर बालों की लंबाई को जस का तस रखना चाहते हैं, उनके लिए हेयर डस्टिंग तकनीक बेहद फायदेमंद साबित होती है। इस तकनीक से डैमेज्ड बाल कम होते हैं और बार-बार सैलून के चक्कर लगाने की झंझट से भी छुटकारा मिल जाता है।*

## ये लोग कर सकते हैं हेयर डस्टिंग

*किसी भी हेयर टाइप के लोग हेयर डस्टिंग कर सकते हैं। बालों को अच्छी तरह झाड़ने पर स्पिलट एंड्स नजर आने लगते हैं जिससे हेयर डस्टिंग करना आसान हो जाता है।*

## घर पर ऐसे करें हेयर डस्टिंग

*हेयर डस्टिंग करने से बाल हेल्दी बनते हैं और उनमें चमक नजर आने लगती है। फ्रिजी बालों से छुटकारा पाने के लिए भी हेयर डस्टिंग की जा सकती है। खुद से हेयर डस्टिंग करने के लिए सबसे पहले जरूरी है कि आप अच्छी क्वालिटी की कैंची खरीदें। इसके अलावा आपको कंघी, क्लिप, बाल बांधने के लिए रबड़, तौलिया और शीशे की जरूरत होगी। बालों को धोकर ब्लो ड्राई करें और बीच में से मांग निकाल लें। अब बालों को सेक्शंस में बांटे, क्लिप लगाएं और उंगलियों के बीच में लेकर नजर आ रहे स्पिलट एंड्स को काटकर हटा दें। पूरे सिर के बालों के साथ इस प्रक्रिया को दोहराने पर हेयर डस्टिंग हो जाएगी।*

## काली मिर्च में होते हैं बालों को बढ़ाने वाले तत्व

*काली मिर्च में विटामिन ए, सी होते हैं। साथ ही कोरोनॉएड, फ्लेवेनाएड्स, फोलिक एसिड, पोटैशियम जैसे कई सारे तत्व होते हैं। जो ना केवल स्कैल्प पर दोबारा से बाल उगाने में मदद करते हैं बल्कि डैंड्रफ को भी दूर करते हैं। काली मिर्च को बालों पर लगाने का बहुत ही सरल तरीका है काली मिर्च का टोनर। जो बालों की स्कैल्प को मजबूत बनाने और हेयर ग्रोथ में मदद करता है। जानें कैसे बनाएं काली मिर्च का टोनर*



## काली मिर्च का टोनर कैसे बनाएं

*काली मिर्च का टोनर बनाने के लिए बस दो चीजों की जरूरत होगी। किसी पैन या बर्तन में एक लीटर पानी डालें। इसे गैस पर रकें और 25 ग्राम के करीब काली मिर्च लेकर इसे कूटकर दरदरा पीस लें या पाउडर बना लें। अब इस पाउडर को पानी में डालकर पकाएं। इसे तब तक पकाएं जब तक कि ये एक चौथाई ना रह जाए। बस इस एक चौथाई काली मिर्च के पानी को छानकर किसी स्प्रे बोतल में भर लें।*

## कैसे लगाएं काली मिर्च का टोनर

*बालों पर काली मिर्च का टोनर लगाने के लिए रात को सोने से पहले बालों की जड़ों पर लगाएं। फिर सुबह पानी से वॉश कर लें। सप्ताह में कम से कम तीन से चार बार इस टोनर को लगाने से कुछ ही हफ्तों के बाद बालों की ग्रोथ में फर्क दिखेगा और नए बाल उगने लगेंगे।*

## खबर संक्षेप



### सामरी विधायक झारखंड में कर रही हैं लोकसभा प्रत्याशी का चुनाव प्रचार

**कुसमी।** भाजपा संगठन के निर्देशानुसार दी गई जिम्मेदारी के दौरान सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा द्वारा झारखंड के राजमहल लोकसभा क्षेत्र के महेशपुर विधान सभा अंतर्गत भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी ताला मरांडी के पक्ष में सभा कर प्रचार कर रही है। झारखंड राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी सहित अन्य भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा लोक सभा प्रत्याशी ताला मरांडी को चुनाव में जीत दिलाने लोक सभा चुनाव में जनता से ताला मरांडी को आशीर्वाद देने की बात कही।

### रांची लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के पक्ष में प्रचार करने पहुंची विधायक शकुंतला पोर्ते



**प्रतापपुर/सोनगरा।** विधायक शकुंतला सिंह को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती क्षेत्र झारखंड के रांची लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव प्रभारी सहित छत्तीसगढ़ से प्रचारक बनाकर भेजा गया है। रांची लोकसभा के विधानसभा के ठाकुर गांव मंडल के ग्राम ही काशी टोला ग्राम खाखरा ग्राम बरोड़ी के सभा में जाकर बड़ी जनसभा एवं ग्रामीणों से जनसंपर्क कर पार्टी पक्ष में प्रचार किया। स्थानीय विधायक शकुंतला सिंह को झारखंड सहित कई स्थान पर धुआंधार प्रचार चल रहा है। तथा अपनी पार्टी को जीत दिलाने का लक्ष्य पूरा करते हुए शासन की योजनाओं के लाभ के बारे में जानकारी दी।

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बिश्रामपुर।** पखवाड़े भर पूर्व थाना क्षेत्र की किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी युवक शहनवाज खान



आत्मज तनवीर खान 22 वर्ष निवासी सतपता को बिश्रामपुर पुलिस ने धारा 366(क), 376(2)(एन) के तहत गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायालय पेश किया है। नाबालिग की बरामदगी के बाद उसे बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश करने पर किशोरी ने बताया कि ग्राम सतपता निवासी शहनवाज द्वारा बहला फुसलाकर अपने साथ बिलासपुर ले जाकर दुष्कर्म किया गया। पूछताछ के बाद समिति ने नाबालिग को उसके परिजन को सुपुर्द कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर दिया है। बताया गया कि आरोपित ने पूछताछ में अपराध कारित करना स्वीकार किया है।

## परिजन व मरीजों को हो रही भारी परेशानी

# 100 बिस्तर मातृ-शिशु अस्पताल में गहराया पानी संकट



एमसीएच भवन।



अधिकारियों से चर्चा करते विधायक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के 100 बिस्तर मातृ-शिशु अस्पताल में पानी की समस्या बनी हुई है। आलम यह है कि अस्पताल में दाखिल मरीज सहित परिजन को पानी परेशानियों का करना पड़ता है। पूर्व प्रबंधन द्वारा एमसीएच में पानी के लिए बोर कराया गया है परंतु बोर के कम समय तक ही काम करने से भवन में जितनी पानी की आवश्यकता होती उतना पानी उपलब्ध नहीं होती। ऐसे में अब एमसीएच में पानी की जरूरत नगर निगम द्वारा सुबह शाम पूर्ति की जा रही है। लेकिन एमसीएच में पानी की खपत ज्यादा होने के कारण पानी की समस्या बरकरार है। अस्पताल में पानी की समस्या होने की जानकारी लगने पर आज विधायक राजेश अग्रवाल अस्पताल पहुंचे तथा अस्पताल के अधिकारियों के चर्चा की।

**खास बात**

- अस्पताल परिसर में बोर हुआ फेल

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में प्रसूताओं व शिशुओं का बेहतर उपचार हो इसके लिए अस्पताल परिसर में सर्व सुविधा युक्त 100 बिस्तरीय मदर एंड चाइल्ड केयर हॉस्पिटल का निर्माण कराया गया। मातृ-शिशु अस्पताल शुरू हुए कई साल हो गए परंतु आज तक अस्पताल में पानी की समस्या दूर नहीं हो सकी है। अस्पताल में पानी के लिए बोर कराया गया है लेकिन अस्पताल के हिसाब से वह कम पड़ने लगा है।

बोर के माध्यम से अस्पताल में लगे टंकी में पानी भरा जाता है लेकिन बोर मजह कुछ समय तक ही चलती है जिससे आवश्यकता के अनुरूप पानी उपलब्ध नहीं हो पाती। चार मंजिला भवन के सभी वार्ड की सफाई तथा दाखिल मरीज व परिजन के निस्तारण में ही टंकी कुछ घंटो में खाली हो जाती है जिससे लोगों को पूरे दिन पानी के लिए भटकना पड़ता है। गर्मी का मौसम शुरू होते ही मातृ-शिशु अस्पताल में पिछले एक सप्ताह से पानी की समस्या बढ़ गई है। एक ओर भीषण गर्मी और दूसरी ओर अस्पताल में पानी नहीं होने से लोगों की मुश्किलें काफी बढ़ गई है।

### सफाई पर पड़ा असर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के एमसीएच में पानी की समस्या बनी हुई है। हालांकि प्रबंधन द्वारा पेयजल की व्यवस्था की है लेकिन वार्ड के शौचालय में पर्याप्त पानी नहीं होने से मरीज सहित परिजन को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा पानी के अभाव में साफ-सफाई पर भी अस्पताल पड़ा है। नगर निगम द्वारा दो समय टैंकर के माध्यम से पानी उपलब्ध कराई जाती है परंतु पानी की खपत ज्यादा होने के कारण टंकी से पानी कुछ समय में ही खत्म हो जाती है।

### नहीं लगा वाटर प्लांट

एमसीएच भवन का निर्माण जहां हुआ है उसके आसपास जल स्तर काफी कम है। इसके मद्देनजर अस्पताल प्रबंधन द्वारा भवन में पेयजल की समस्या न हो इसके लिए भवन निर्माण के दौरान ही सीजीएमसी को वाटर प्लांट लगाने कहा था। करोड़ों की लागत से न सिर्फ भवन का निर्माण हो गया लेकिन एमसीएच शुरू हो गई लेकिन आज तक वाटर प्लांट नहीं लगाया जा सका है जिससे अस्पताल में पानी की समस्या बरकरार है।

### अस्पताल में पानी की समस्या पर पहुंचे विधायक

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पानी की समस्या होने की जानकारी पर आज विधायक राजेश अग्रवाल मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे। उन्होंने मेडिकल कॉलेज डीन, सीजीएमसी के अधिकारी, अस्पताल अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों से पानी की समस्या पर चर्चा की। मेडिकल कॉलेज डीन सहित अस्पताल अधीक्षक ने अस्पताल परिसर में बोर फेल होने से पानी की समस्या होने की बात बताई। साथ ही नगर निगम से टैंकर के माध्यम से पानी उपलब्ध होने की बात कही।

### तीन बार फेल हो चुका है बोर

एमसीएच भवन में शुरू से ही पानी की समस्या है। भवन में पानी उपलब्ध कराने तीन जगह बोर कराए गए लेकिन तीनो ही बोर फेल हो गए जबकि एक बोर से ही भवन में पानी की सप्लाई हो रही है। बोर के आधे घंटे बाद ही बंद हो जाने से कई टंकी आधे भी नहीं भर पाते जिससे पानी की समस्या बनी हुई है।

### जल्द होगी पानी की समस्या दूर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पानी की समस्या है। अस्पताल में कई बोर कराए गए लेकिन बोर फेल हो गए। नगर निगम के टैंकर से पानी की सप्लाई की जा रही है। जल्द ही अमृत मिशन के पाइप लाइन मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पानी की सप्लाई की व्यवस्था की जाएगी।
राजेश अग्रवाल, विधायक

### गर्मी में होती है परेशानी

गर्मी के मौसम में पानी की समस्या होती है। अस्पताल में बोर कराया गया है लेकिन गर्मी में जल स्तर नीचे चले जाने से पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध नहीं होती। नगर निगम से सुबह शाम पानी की सप्लाई टैंकर के माध्यम से होती है जिससे पेयजल की समस्या नहीं है।
डॉ. आरसी आर्या, अस्पताल अधीक्षक

## दो सूने मकान में चोरों का धावा, पार किया नकद व जेवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में चोरी होने की घटनाएं कम नहीं हो रही। चोर इस कदर शातिर है कि कभी गांधीनगर थाना क्षेत्र तो कभी कोतवाली क्षेत्र में सक्रिय हो जाते है। अभी गांधीनगर पुलिस अपने क्षेत्र में हुई कई बड़ी चोरी की घटना को सुलझा भी नहीं सकी है वहीं चोरों ने कोतवाली क्षेत्र तकिया रोड में सिलसिले वार दो सूने मकान में धावा बोलकर नगदी समेत लगभग 1 लाख कीमत से अधिक के जेवरात पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध चोरी का मामला दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार तकिया रोड निवासी समर बहादुर जायसवाल आ. स्व. शंभू प्रसाद जायसवाल 23 अप्रैल को बच्चों की छुट्टी होने पर घर में ताला लगाकर मूल निवास धंधापुर गए थे। गत दिन परिवार के साथ घर पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। घर का ताला टूटा हुआ था जबकि कमरे में सामान बिखरे हुए थे। मकान मालिक ने घर के अलमारी, पेटी की तलाश ली तो पता चला कि अलमार में रखे नगदी सहित सोने-चांदी के जेवरात के अलावा पेटी में रखे बच्चे एवं पत्नी के कपड़े के साथ लगभग 60-70 हजार कीमत के अन्य सामान चोरी कर ले गए। मकान मालिक ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। इसी प्रकार चोरों ने तकिया रोड निजी अस्पताल समीप निवासी सुमन राम आ. जगमोहन के घर गुरुवार की देर रात घर में दाखिल होकर नकदी 14 हजार रुपए के अलावा सोने चांदी के जेवरात सहित लगभग 50 हजार कीमत के सामान चोरी कर ले गए। मकान मालिक ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। पुलिस ने दोनो मामलों में अज्ञात के विरूद्ध धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### चोर खेत से ले उड़े सोलर पंप, अपराध दर्ज

क्रेडा विभाग से अनुदान से प्राप्त सोलर पंप को चारों ने खेत से पार कर दिया। ग्रामीण ने पंप चोरी होने की रिपोर्ट बलरामपुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध चोरी का मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार बलरामपुर थाना अंतर्गत ग्राम संतोषी नगर निवासी निर्मल देवनाथ आ. स्व. सुधीर देवनाथ (55 वर्ष) साल 2020 में क्रेडा विभाग से सोलर सिस्टम स्वीकृत हुआ था। ग्रामीण अपने खेत में फसल सिंचाई के लिए 15 हजार कीमत के सोलर पंप लगाया गया। 14 मई की रात चोरों ने खेत में लगे सोलर पंप को पार कर दिया । घटना की जानकारी तब लगी जब सुबह ग्रामीण फसल में सिंचाई करने गया तो देखा पंप गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब पंप का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया है।

उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहयोग
सरगुजा, सूरजपुर एवं बलरामपुर जिले के ऐसे प्रतिभावान छात्र जो 12वीं के बाद आर्थिक कारणों से BE, M-TECH, M.B.B.S. एवं M.D. प्रवेश लेने के बावजूद आगे की पढ़ाई जारी नहीं रख पाते हैं। हम ऐसे छात्रों की प्रतिभा को निखारने की कोशिश करते है, आर्थिक मदद देकर, जिससे उनके सपनों को पूरा कर लक्ष्य को प्राप्त कर सकें।
कृपया ऐसे छात्र निम्न पते पर हमें संपर्क कर सकते है एवं ट्रस्ट की वेबसाईट WWW.sujanidevitrust.org पर भी online आवेदन कर सकते है
आवेदन की अंतिम तिथि 10 जुलाई 2024
सुजानी देवी ट्रस्ट
अंबिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
मुकेश गोयल, प्रतापपुर मो. : 09425585471, 09165794999
अजीत अग्रवाल, महामाया कम्प्यूटर्स ब्रम्ह रोड, अंबिकापुर - मो. 9425254169
प्रदीप सिंघल 9425547550

### झारखंड के लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ के भाजपा पदाधिकारी प्रचार में जुटे



**रामानुजगंज।** झारखंड के गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के तीन विधानसभा क्षेत्र गोमीया ,बाघमारा, बेरमो के भाजपा प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, संयोजक, सहसंयोजक, मंडल अध्यक्ष एवं तीनों विधानसभा के विस्तारकों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री पवन साय, छत्तीसगढ़ शासन में कृषि मंत्री रामविचार नेताम ,लोक सभा प्रभारी एवं सांसद सुनील सिंह एवं आजसू लोकसभा प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी, गिरिडीह लोकसभा प्रवासी प्रभारी एवं बलरामपुर जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल बेरमो विधानसभा के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो उर्फ बाटुल, पूर्व जिलाध्यक्ष बोकारो भरत यादव व भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### कुमदा बस्ती रेलवे साइडिंग में चोरी, चौथा फरार आरोपी गिरफ्तार

**बिश्रामपुर।** कुमदा बस्ती रेलवे साइडिंग में चोरी करने मामले में फरार चल रहे चौथे आरोपी को पुलिस ने घटना के दो वर्ष बाद गिरफ्तार करते हुए सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया है। उक्त मामले में तीन आरोपियों की गिरफ्तारी पूर्व में ही की जा चुकी है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि वर्ष 2022 को कुमदा बस्ती रेलवे साइडिंग में हुए चोरी करने मामले में एक आरोपी कुमदा बस्ती निवासी 30 वर्षीय सुखलाल उर्फ लग्घी पिता नवल सिंह गोंड फरार चल रहा था। आरोपी को शनिवार को मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर गांव से गिरफ्तार करते हुए न्यायालय पेश कर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले में शामिल तीन आरोपियों को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है और फरार आरोपी को शनिवार को गिरफ्तार किया गया है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 457, 380, 34, 212 भादवि के तहत कार्यवाही की गई है।



सरगुजा मार्केट

पहली बार भगन्दर, फिशर्स और पाइल्स का सफल इलाज अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
आपके शहर अंबिकापुर (छ.ग.) में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरीकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेज़र के फायदें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल

किडनी के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ
डॉ.आर.के. साहू
डॉ.अनिल कुमार यादव
डॉ गौरव त्रिपाठी
डॉ रोशन लाल वर्मा
दिनांक 26 मई 2024, रविवार
प्रकाश हॉस्पिटल
मो. 9713667433, 9617247433

गुप्त रोग का 100% शर्तिया इलाज
बिना आपरेशन के
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

NISHANT MEDICOSE
एलोपैथिक, आयुर्वेदिक, इण्डियन होमियोपैथिक जर्मन होमियोपैथिक, सर्जिकल टूल्स एवं पशु दवाएं उपलब्ध है
देवीगंज रोड, अम्बिकापुर (छ.ग.)
मो.7354260555

पथरी मतलब लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
लेजर हॉस्पिटल
Mo. No. 07774-22500, 6269814276 9542344694, 9434062770

मूत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
दिनांक 13 जून 2024 दिन-गुरुवार
डॉ. राहुल कपूर
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला सरगुजा)

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ. अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
दिनांक- 26 मई 2024, रविवार
विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपरस्पेशलिटी सेंटर

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
दिनांक - 02 जून, दिन - रविवार
विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें।

## शराबी पति ने मारपीट कर पत्नी बच्चों को निकाला घर से

**प्रतापपुर।** शराब के नशे में धुत पति ने न सिर्फ पत्नी के साथ मारपीट किया बल्कि पत्नी व बच्चों को घर से निकाल दिया। पीड़िता ने घटना की शिकायत थाना प्रभारी से की है। साथ ही पति के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सिलौटा निवासी सीतापति (36 वर्ष) ने परिजन के साथ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पति संतोष रोजाना शराब पीकर नशे में धुत्त होकर गाली-गलौज कर मारपीट करता है। साथ ही उसे और बच्चों को को घर से बाहर निकाल दिया है। पीड़िता का आरोप है कि पूर्व में भी इस प्रकार की घटना पति द्वारा करने पर थाने में शिकायत की गई परंतु



उसके विरूद्ध किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। पीड़िता ने थाना प्रभारी से न्याय का गुहार लगाई है ओर पति संतोष के विरूद्ध कार्रवाई का मांग की। इस संबंध में थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह ने बताया कि मामला का जांच चल रहा है आरोपी को तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

### वाहन की टक्कर से गई ग्रामीण की जान

**अम्बिकापुर।** वाहन की टक्कर से गंभीर हुए ग्रामीण की अस्पताल में मौत हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम सोनतराई निवासी सूदे राम को शुक्रवार की शाम 7 बजे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। इधर घटना को देख परिजन सहित पड़ोसियों ने घायल को स्थानीय अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की रिपोर्ट पुत्र जुगेश्वर ने उदयपुर थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज किया है।

CRGB
छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक
भारत सरकार, राज्य शासन और भारतीय स्टेट बैंक का संयुक्त उपक्रम
क्षेत्रीय कार्यालय अम्बिकापुर, कुसुमतारा कॉम्लेक्स, द्वितीय तल, हनुमान गली, न्यू महामाया रोड, अम्बिकापुर (छ.ग.)- जिला-सरगुजा, छ.ग.
Telephone :6232033100, 6232033095,, Email-adv.ro.amb@cgbank.in

परिशिष्ठ-IV नियम- 8 (1) कब्ज़ा नोटिस (अचल संपत्ति)

जबकि (Whereas) वित्तीय अस्तियों का प्रतिभुतिकरण एवं प्रतिभूति - हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत एवं धारा 13 (2) सहपठित प्रतिभूति-हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के निम्न हस्ताक्षरकर्ता प्राधिकृत अधिकारी ने मांग सूचना पत्र जारी किया था, जिसमे निम्नलिखित उधार लेने वाले को उल्लेखित राशि ब्याज सहित नोटिस पावती की तारीख से 60 दिनों के भीतर भुगतान करने के लिए कहा गया था -

| शाखा | ऋण ग्रहिता/जमानतदार | संपत्ति स्वामी का नाम | संपत्ति का विवरण | मांग सूचना13(2) की तिथि एवं राशि (रु.) | आधिपत्य की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| अम्बिकापुर | ऋणी (1) श्रीमती स्नेह सिंह पिता श्री प्रह्लाद सिंह पता - ग्राउंड फ्लोर C/O सौरभ भारती रामनिवास कॉलोनी राजमोहनी देवी वार्ड, अंबिकापुर, जिला- सरगुजा छ.ग., जमानतदार (1) श्री मनोज भारती पिता श्री मार्कन्डेय भारती पता- वार्ड न.43, दर्रीपारा, अंबिकापुर, जिला- सरगुजा छ.ग.-497001 (2) श्री मानवेंद्र सिंह गौर पिता रौशन सिंह गौर पता रामनिवास कॉलोनी राजमोहनी देवी वार्ड, अंबिकापुर, जिला- सरगुजा छ.ग. -497001 | श्री मनोज भारती पिता श्री मार्कन्डेय भारती पता- वार्ड न.43, दर्रीपारा, अंबिकापुर, जिला- सरगुजा छ.ग.-497001 | मौजा : ख. नं. 171/17, प.ह.नं. 21, RI सर्किल अम्बिकापुर 6, वार्ड- गंगापुरखुर्द, नगर निगम अम्बिकापुर तहसील - अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.) कुल क्षेत्रफल : 0.083हे. (भूमि + भवन ) चौहद्दी : उत्तर मे - पक्की सड़क, दक्षिण – खसरा नंबर 168 की भूमि, पूर्व मे प्रस्तावित रास्ता, पश्चिम मे - मधुलिका सिंह की भूमि। | 01.03.2024 1,05,50,362/- + ब्याज एवं अन्य व्यय | 09.05.2024 |

उपरोक्तानुसार इन उल्लेखित ऋणियों द्वारा राशि भुगतान करने में असफल हो जाने पर ऋणियों / जमानतदारों / बंधककर्ताओं और आम जनता को एतद द्वारा नोटिस दिया जाता है कि उपरोक्त कथित ऐक्ट कि धार 13(4) के नियम 8 के तहत उक्त पठित नियम हस्ताक्षरकर्ता ने उपरोक्तानुसार वर्णित संपत्ति का आधिपत्य कि तिथि को अपने कब्जे (सांकेतिक) में ले लिया है। ऋणियों, जमानतदारों को विशेष रूप से एवं आम जनता को एतद द्वारा सावधान किया जाता है कि उक्त संपत्ति के बावत किए गए कोई भी व्यवहार पर छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के उपरोक्त राशि एवं उस पर ब्याज के अध्यधीनभार (CHARGE) दे होगा |

आस्तियों का प्रतिभूतिकरण तथा हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत 30 दिनों का विक्रय हेतु अनिवार्य सूचना
ऋणियों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं को सूचित किया जाता है कि इस नोटिस के छपने की तारीख से 30 दिनों के अंदर वे सम्पूर्ण ऋण राशि,ब्याज एवं खर्चो का भुगतान कर देवें अन्यथा उक्त वर्णित संपत्ति कि नीलामी कर दी जावेगी तथा उसके बाद ऋण एवं ब्याज की वसूली खर्च सहित ऋणी एवं जमानतदाओं से कि जावेगी।
स्थानः अंबिकापुर, दिनांक : 09.05.2024
प्राधिकृत अधिकारी
छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय अंबिकापुर (छ.ग.)

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW
A MULTISPECIALITY HOSPITAL
डॉ.सिद्धार्थ साहू
MBBS, MS GENERAL SURGERY (DNB NEUROSURGERY)
डॉ.करण सराफ
MBBS, MD MEDICINE, DM(NEPHROLOGY)
दिनांक 19 मई 2024
पता बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज के सामने, अम्बिकापुर
9424250281, 8120906000, 8120809000

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
जीवन ज्योति क्लीनिक
डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसिन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

18 Ambikapur-BHOOMI-pg 4-0_Layout 1 5/18/2024 9:59 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### सरगुजा के खिलाड़ी लेंगे गतका प्रशिक्षण, टीम रवाना

**अंबिकापुर।** सरगुजा के खिलाड़ी अब गतका खेल का भी प्रशिक्षण लेंगे। गतका प्रशिक्षण के लिए रेफरी, खिलाड़ियों का चयन किया गया है। बता दें कि दी गतका एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ द्वारा रायपुर में 2 दिवसीय खिलाड़ी, रेफरी और कोच प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। सरगुजा जिले के खिलाड़ियों के विकास के लिए एक नए गतका का प्रशिक्षण बहुत जरूरी है, इस प्रशिक्षण शिविर को लेने के लिए गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव बलजिंदर सिंह तूर रायपुर पहुंचेंगे। गतका प्रशिक्षण के लिए सरगुजा जिले से रेफरी व कोच प्रशिक्षण के लिए कृष्णा एक्का, रजत सिंह, खुशबू गुप्ता और रागनी अगरिया एवं खिलाड़ियों में अभिषेक, आयुष, सृष्टि, अलका,रीमा, नंदिता, सुजाता, सरिता, काशिश, नैन्सी का चयन किया गया। कोच रजत सिंह ने बताया कि इस खेल का सीनियर नेशनल चैंपियनशिप, खेलो इंडिया और नेशनल गेम्स 2024-25 का आयोजन आने वाले दिन में होगा ऐसे में आगामी दिनों में होने वाले खेल को देखते हुए यह प्रशिक्षण बहुत ही महत्वपूर्ण है।

### दुर्घटनाओं एवं सड़क जाम का स्थाई हल निकालने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** कैट जिलाध्यक्ष रविन्द्र तिवारी ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप शहर में आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं एंव जाम की समस्या का स्थाई हल निकालने की मांग की है। उन्होंने बताया कि आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं एवं चौक-चौराहों पर लगने वाले जाम के संदर्भ में पुलिस प्रशासन, नगर निगम, कैट सरगुजा एंव ट्रक मालिक संघ के साथ अनेकों बैठके हुई लेकिन कोई सार्थक समाधान नहीं निकल सका है। इस संबंध में कलेक्टर से स्थाई समाधान निकालने की मांग की गई है। इस बड़ी समस्या के निराकरण के लिए उन्होंने शहर में प्रस्तावित ट्रांसपोर्ट नगर को पेड पार्किंग बनाने के साथ ही सुरक्षा की व्यवस्था करने एवं वाहनों की मरम्मत करने वाले गैरेज संचालकों को गुमटियां आवंटित करने की मांग की है। इस बदलाव से रिंगरोड पर ट्रक खड़े नहीं होंगे तथा नगर निगम को अतिरिक्त आय का स्त्रोत मिलेगा। उन्होंने राघवपुरी चेकपोस्ट को कालीघाट के पास स्थापित करने का सुझाव दिया है। चेकपोस्ट के कारण मुख्य मार्ग में जाम लग रहा है तथा रेलवे स्टेशन जोन वाले यात्रियों की ट्रेन छूट जा रही हैं। चेकपोस्ट के पास बाजार लगने के कारण लोगों की भारी भीड़ रहती है जिससे दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। ज्ञापन में अम्बेडकर चौक से अम्बेडकर की मूर्ति प्रस्तावित स्थल पर स्थापित करने एवं चौक की चौड़ाई बढ़ाने की मांग की गई है अम्बेडकर चौक की चौड़ाई कम होने के कारण भारी वाहनों को मोड़ने के लिए बैक करना पड़ता है जिसके कारण जाम लगने के अतिरिक्त दुर्घटनाएं होती है। भारत माता चौक से बड़ी संख्या में भारी वाहन गुजरते हैं। चौक पर ट्रैफिक लाइट का समय 25 सेकेंड हैं। इतने कम समय में तीन-चार ट्रक ही चौक को पार कर पाते हैं जिसके कारण ट्रकों की लंबी कतार लगी रहती है। उन्होंने ट्रैफिक लाइट के समय को बढ़ाने की मांग की है। कैट अध्यक्ष ने गांधी चौक से हाईमास्ट लाइट को किनारे करने चौक की चौड़ाई बढ़ाने, महामाया चौक के बीच में बने स्तंभ को हटाने का सुझाव दिया है ताकि भारी वाहन किसी भी दिशा में मुड़ सकें। मांगों पर विचार कर शहर को व्यवस्थित करने आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया है।



## सड़क बनने के बाद बायोडक्ट से शुरू होगा आवागमन

# लुचकी बायोडक्ट का निर्माण पूर्ण लेकिन दोनों ओर की अधूरी सड़क बनी बाधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

एनएच 43 स्थित लुचकी घाट के खतरनाक मोड़ों से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से बनाए जा रहे बायोडक्ट का निर्माण पूरा हो गया है लेकिन बायोडक्ट के दोनों ओर की सड़क अधूरी होने के कारण आसान सफर के लिए अभी एक महीने का इंतजार करना पड़ सकता है। यातायात के भारी दबाव के कारण अधूरी सड़क के निर्माण में कई बाधाएं है। विभाग ने खण्ड-खण्ड में अधूरी सड़क को पूरा करने की योजना बनाई है। घुमावदार सड़क एवं खतरनाक मोड़ों पर आए दिन हो रही भीषण दुर्घटनाओं से राहत के लिए अधिकारियों ने बायोडक्ट का निर्माण कर सड़क को सीधी करने की योजना बनाई थी लेकिन पहाड़ का पत्थर तोड़ने के लिए ब्लास्टिंग एवं डायवर्सन के लिए जगह उपलब्ध नहीं होने के कारण निर्माण में तेजी नहीं आ रही थी। प्रशासन द्वारा बाधाओं का निराकरण करने के बाद बायोडक्ट का निर्माण तो किसी तरह पूरा हो गया है लेकिन बायोडक्ट के दोनों तरफ की सड़क का निर्माण पूरा नहीं होने के कारण बायोडक्ट से आवागमन शुरू होने में अभी भी एक महीने का समय लगने की संभावना जताई जा रही है। निर्माण पूरा होने के बाद शीघ्र बायोडक्ट से आवागमन शुरू होने की संभावना जताई जा रही थी लेकिन दोनों ओर के यातायात को नियंत्रित करने की बड़ी चुनौती से बचने विभाग ने यातायात को प्रभावित किए बिना खण्ड-खण्ड में अधूरी सड़क का निर्माण पूरा करने का निर्णय लिया है। अधूरी सड़क का निर्माण पूरा होने के बाद ही बायोडक्ट से आवागमन प्रारम्भ किया जाएगा। वाहनों के आवागमन के बीच अधूरी सड़क का निर्माण पूरा करना भी काफी चुनौतीपूर्ण है। ऐसे में विभाग ने आधी सड़क से यातायात को सुचारू रखने के साथ ही अधूरी सड़क का निर्माण पूरा कराने का निर्णय लिया है।

**खास बात**

- एक साल से चल रहा पुल निर्माण



बायोडक्ट के पास की अधूरी सड़क।

### लग गया एक साल का समय

लुचकी घाट स्थित बायोडक्ट का निर्माण पूरा होने में एक साल का लम्बा समय लग गया। प्रारम्भ में ठेका कंपनी ने निर्माण कराने के पूर्व की तैयारियों में ही लम्बा समय लगा दिया। तैयारियां पूरी होने के बाद डायवर्सन के लिए जगह उपलब्ध नहीं होने के कारण लम्बे समय तक निर्माण प्रभावित रहा। इसी तरह पहाड़ का पत्थर तोड़ने के लिए ब्लास्टिंग की अनुमति के लिए ठेका कंपनी को लम्बा इंतजार करना पड़ा। प्रशासन द्वारा सड़क किनारे शासकीय भूमि में लोगों के अवैध अतिक्रमण को हटाने के बाद डायवर्सन के लिए जगह उपलब्ध कराई गई तो किसी तरह बायोडक्ट का निर्माण पूरा हुआ। यातायात के भारी दबाव के कारण पहाड़ी पर स्थित अधूरी सड़क का निर्माण पूरा करना भी काफी चुनौतीपूर्ण हैं।

### आधी सड़क से होगा आवागमन

बायोडक्ट के दोनों तरफ अभी सड़क का निर्माण पूरा नहीं हो सका है। लुचकी पहाड़ी पर काली मंदिर के पास 120 मीटर एवं डी हिलाक्स स्कूल के पास 60 मीटर लम्बी सड़क का निर्माण अभी भी शेष है। अधिकारी एक तरफ से बायोडक्ट के रास्ते एवं दूसरी तरफ से पुरानी सड़क से आवागमन चालू करने की योजना बना रहे थे लेकिन भविष्य की समस्याओं को देखते हुए फिलहाल इसे रोक दिया गया है। विभाग ने खण्ड-खण्ड में पहले यातायात को डायवर्ट कर पहाड़ी की अधूरी सड़क का निर्माण पूरा करने का निर्णय लिया है। काली मंदिर के पास की सड़क बनने के बाद नीचे की अधूरी सड़क का निर्माण किया जाएगा। अधिकारी अधूरी सड़क का निर्माण पूरा होने में एक महीने का समय लगने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। ऐसे में 15 जून के बाद ही नवनिर्मित बायोडक्ट से आवागमन शुरू होने की उम्मीद है। पहाड़ी पर आधी सड़क से दोनों ओर के वाहनों का आवागमन होने के कारण वाहन चालकों को भारी समस्या का सामना करना पड़ सकता है। इस दौरान आवागमन में व्यवधान के साथ ही सड़क जाम होने की स्थिति को रोकना ठेका कंपनी के लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकती है।

### 15 जून के पूर्व बनाई जाएगी सड़क

आवागमन की समस्या को देखते ही खण्ड-खण्ड में आधी-अधूरी सड़क का निर्माण करने एवं दोनों ओर के यातायात को डायवर्ट कर शीघ्र निर्माण पूरा करने का निर्णय लिया गया है। 15 जून तक सड़क का निर्माण पूरा कर बायोडक्ट से आवागमन प्रारम्भ कर दिया जाएगा।

-**नितेश तिवारी**, ईई, एनएच

# न्यू बस स्टैंड में शराब दुकान संचालन होने से नशेड़ियों का बना अड्डा

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

- नशेड़ियों में नहीं पुलिस का खौफ



न्यू बस स्टैंड में शराब दुकान संचालन होने पर अब नशेड़ियों का अड्डा बन गया है। आलम यह है कि शाम ढलते ही नशेडी शराब खोरी का महफिल सजाकर जाम छलकाते है। ऐसे में बस स्टैंड सहित बाजार में खरीदारी करने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। हैरानी की बात यह है कि हर रोज नशेड़ियों की महफिल जमती है परंतु आज तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई जिससे नशेड़ियों के न सिर्फ हौसले बुलंद है बल्कि उनमें पुलिस का भय खत्म सा हो गया है।

बस स्टैंड में ही शराब दुकान के संचालित होने से आए दिन दहाड़े नशेडी होटल में बैठकर शराब पीते है जिससे नया बस स्टैंड शराबियों का अड्डा बन गया है। शराबी इतना मदहोश रहते है कि आए दिन किसी न किसी से विवाद की स्थिति निर्मित होती रहती है। लोगो द्वारा खुले आम होटलो में शराब बैठाकर पिलाया जाता है जिससे बस स्टैंड में अधिकांश शराबी ही नजर आते है। ऐसे में अच्छे परिवार और महिलाएं मजबूरी में बस स्टैंड जाती है जिन्हें भी आये दिन शराबियो से छीटा कसी का सामना करना पड़ता है। नए बस स्टैंड को बने कई साल हो गए लेकिन शराब खोरी के कारण बस तो स्टैंड जाती है पर वहा रुकती नही है। शराबियो का आतंक इतना है कि वहाँ कोई जाना नही चाहता है। पुलिस द्वारा कुछ लोगो के विरूद्ध कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति व समझाईस देकर छोड़ दिया जाता है जिससे शराबियों में पुलिस का खौफ खत्म हो गया है। कई बार तो नशा खोरी के दौरान विवाद की स्थिति निर्मित होने पर पुलिस को हस्तक्षेप कर मामला शांत कराना पड़ा। साथ ही पुलिस ने होटल संचालको को हिदायत भी दी लेकिन उन पर हिदायत का कोई असर नहीं हुआ। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि बस स्टैंड में शराब दुकान का संचालन ही नहीं होना चाहिए। बस स्टैंड में मटन मार्केट के अलावा शराब दुकान के सामने नगर पंचायत ने पोनी पसारी योजना के तहत दुकान बनाई है जहां शुरू में कुछ दिनों तक लोगों ने सब्जी की दुकान लगाई गई लेकिन शराबियो के आतंक से उन्हें भी वहां से भागना पड़ा। आज पोनी पसारी योजना की दुकान शराबियों का अड्डा बन गया है जहां शाम ढलते ही नशाखोरी करते है जिससे शासन की योजना का दुरूपयोग हो रहा है। शराब दुकान के बगल में कृषि आफिस का संचालन होता है जहां लोगो को मजबूरी में जाना पड़ता है। इसके अलावा शिवपुर मंदिर जाने का है मुख्य मार्ग है जहां से लोग पैदल दर्शन करने जाते है। इस बीच महिलाओं को रास्ते में शराबियो छिताकसी का सामना करना पड़ता है। शराबियों के आए दिन उत्पात मचाने से क्षेत्र के लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

इस संबंध में थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह बताया कि लगातार छापेमारी की कार्रवाई की जाएगी। जो भी शराब के नशे में धुत्त पाया गया उसके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। चखना दुकान हो या शराबी उनके विरूद्ध कार्रवाई कर जेल भेजा जाएगा।

# धूप-छांव के बीच फिर सक्रिय हुआ पछुआ विक्षोभ, बढ़ेगी बादलों की आवाजाही

**फिलहाल भीषण गर्मी से रहेगी राहत, नहीं बढ़ेगा दिन का तापमान**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

उत्तर एवं पश्चिमोत्तर भारत के राज्यों में भीषण गर्मी के साथ गर्म हवा के थपेड़े चलने के बावजूद फिलहाल तापमान बढ़ने के आसार नहीं हैं। मौसम में लगातार हो रहे बदलाव के साथ ही चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से आगे भी धूप-छांव के बीच भीषण गर्मी से राहत रहने का अनुमान है। इधर उत्तर भारत में एक नया पछुआ विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण मौसम विज्ञानी एक-दो दिन में आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ने के साथ ही कहीं-कहीं अंधड़ एवं गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा होने का अनुमान लगा रहे हैं। मई के महीने में सरगुजा सहित पूरे छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी पड़ती है लेकिन चक्रवाती परिसंचरण के कारण वातावरण में पर्याप्त नमी होने से मई का पूर्वार्द्ध राहत भरा गुजर गया। पूर्व में सक्रिय पछुआ विक्षोभ का प्रभाव अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है कि दूसरा विक्षोभ सक्रिय हो गया है। ऐसे में मौसम विज्ञानी एक बार फिर मौसम में तेज बदलाव होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मौसम अधिकारियों के अनुसार वर्तमान में राजस्थान, एमपी, यूपी, पंजाब, गुजरात का बड़ा इलाका लू की चपेट में हैं। पूर्व सक्रिय पछुआ विक्षोभ के कमजोर पड़ने के बाद उत्तर एवं पश्चिमोत्तर भारत की गर्म हवा के थपेड़ों के प्रभाव से सरगुजा में भी भीषण गर्मी पड़ने की संभावना जताई जा रही थी लेकिन चक्रवाती परिसंचरण सहित अन्य सिस्टम के प्रभाव से वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने के कारण फिलहाल भीषण गर्मी पड़ने की संभावना नहीं है। वातावरण में मौजूद नमी के कारण उमस बढ़ गई है जिससे तापमान कम होने के बावजूद पसीना से तर-बतर होना पड़ रहा है। मई के प्रथम सप्ताह में मात्र एक दिन का तापमान 41.2 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा था। इसके बाद दिन का तापमान 40 डिग्री के नीचे स्थिर है। मई के उतरार्द्ध में एक-दो दिन तापमान में वृद्धि होने का अनुमान है। केरल तट पर मानसून के निर्धारित समय पर दस्तक देने के बाद मानसून पूर्व की गतिविधियां शुरू हो जाएगी। ऐसे में आगे भी लम्बे समय तक भीषण गर्मी पड़ने की संभावना नहीं है। इस संबंध में मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से एक-दो दिन में आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ने के साथ अंधड़ एवं गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं हल्की वर्षा होने की संभावना है। मौसम में आए बदलाव के कारण फिलहाल भीषण गर्मी पड़ने की संभावना नहीं है। मौसम कार्यालय द्वारा शनिवार को न्यूनतम तापमान 25.2 डिग्री एवं अधिकतम तापमान 37.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है।

# तीन वर्षों से फरार चोरी का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- जेल से छूटने के बाद अपने ही नाना के घर में कर रहा था चोरी



अपने ही नाना के घर में चोरी करने के मामले में तीन वर्षों से फरार चल रहे आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी जेल से छूटकर आने के बाद अपने ही रिश्तेदार के घर चोरी कर रहा था। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार केदारपुर जनपद पारा निवासी गोरेलाल तिवारी का नाती प्रियांशु तिवारी कोरिया बैकुंठपुर जेल में बंद था और जेल से निकलने के बाद 26 फरवरी 2021 को वह अपने नाना के घर पहुंचा। शराब के नशे में धुत प्रियांशु तिवारी मोबाइल खरीदने के लिए पैसे मांग रहा था जब परिजन ने पैसे देने से इनकार किया तो आरोपी कमरे में रखी आलमारी को तोड़कर 3 हजार रुपए नगद व मोबाइल फोन चोरी कर रहा था इसी दौरान गोरेलाल तिवारी भी मौके पर पहुंच गए। जब उन्होंने नाती को डाटा तो वह विवाद करने लगा और बीच बचाव के दौरान मौका देखकर पैसे व मोबाइल फोन के साथ फरार हो गया था। ऐसे में गोरेलाल तिवारी द्वारा घटना की शिकायत पुलिस से की गई थी। शिकायत के बाद पुलिस मामले में अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही थी लेकिन आरोपी तीन वर्षों से पुलिस से बचकर भागता फिर रहा था। इस बीच मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने कोरिया पटना कुडेली बाजार पारा निवासी 26 वर्षीय प्रियांशु तिवारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने बताया कि उसने लुटे हुए रुपए खर्च कर दिए और मोबाइल फोन को तोड़कर फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी को धारा 457, 380 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस कार्रवाई में बस स्टैंड सहायता केन्द्र प्रभारी अभिषेक पाण्डेय, आरक्षक मंटू गुप्ता, संजय तिवारी शामिल रहे।

# लिफ्ट देने के बहाने महिला से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



बलरामपुर की डवरा चौकी पुलिस ने महिला से जबरन दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 17 मई को महिला का पति काम करने के लिए कठरापारा गया हुआ था और कुछ समय बाद महिला भी बच्चे के साथ पति का खाना पहुंचाने कठरापारा चली गई। शाम होने पर तीनों अपने घर लौट रहे थे इसी दौरान रास्ते में पूर्व परिचित मनीष व उसकी मां मिल गए। इस दौरान मनीष की मां ने बेटे से तीनों को बाइक से घर छोड़ने के लिए बोला जिसके बाद आरोपी मनीष बाइक से तीनों को लेकर गांव की ओर निकल गया लेकिन रास्ते में उसने बाइक गिरा दी। ऐसे में महिला ने मनीष को पहले पति व पुत्र को घर छोड़ने की बात कही ऐसे में युवक पहले महिला के पति व बच्चे को घर छोड़ने गया और वापस आते ही ग्राम बरकोना में वह महिला को जबरन पकड़कर सड़क किनारे एक गड्ढे में ले गया और उसके साथ मारपीट करने के साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान महिला द्वारा विरोध करने पर उसने महिला को जान से मारने की धमकी दी। दुष्कर्म के बाद आरोपी भाग निकला। ऐसे में महिला किसी तरह घर पहुंची और घटना की जानकारी परिजन को दी जिसके बाद घटना की शिकायत पर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर एसडीओपी जितेंद्र खूंटे के नेतृत्व में पुलिस ने आरोपी मनीष एक्का को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को धारा 323, 376, 506 के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी रविन्द्र प्रताप सिंह, सउनि रोपन राम पैकरा, प्रधान आरक्षक अमोल कश्यप, आरक्षक अजय टोप्पो, सुरेन्द्र रवि, बुद्धिमान सिंह, अनिल पैकरा, महिला आरक्षक रश्मि किरण तिर्की सक्रिय रहे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी.मढ़रिया डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया को-डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा ● OCT द्वारा रेटिना व कॉचबिन्द का जांच व ईलाज
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
आई.जी.ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के पीछे, नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-402070, 228277, मो. : 9826190123, 9669979123

MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013
Tertiary Care - Super Speciality Hospital
NABH Accredited Hospital
RENAL TRANSPLANT / UROLOGY / NEPHROLOGY / NEUROLOGY / KNEE REPLACEMENT
क्रिटिकल केयर सुविधाएँ :
✓ सभी प्रकार के गंभीर बीमारियों का उपचार
✓ सर्पदंश, बिच्छू का काटना, जहरखुरानी
✓ ब्रेन हेमरेज, लकवा, पैरालिसिस का उपचार
✓ गंभीर मलेरिया, मस्तिष्क ज्वर का ईलाज
✓ निमोनिया का उपचार
✓ कीमोथेरेपी की सुविधा
✓ ट्रामा एवं क्रिटिकल केयर यूनिट
24/7 EMERGENCY SERVICES
पता : चांटीडीह रोड, सरकण्डा बिलासपुर
Mob. - 9109969722, 9691700486 # MGR

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है.... सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+ 5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
TEJ Tej Diagnostic Group
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. मोहित गुप्ता MD (Medicine), मधुमेह एवं ह्रदय रोग विशेषज्ञ सामान्य एवं जटील रोग विशेषज्ञ
डॉ. हेमन्त कुमार बी MBBS, DCH, DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ किम्स हॉस्पिटल, आंध्रप्रदेश
डॉ. पूजा प्रजापति MBBS, DNB (OBGY & Gynae-दिल्ली), FMAS-Jaypee Hospital-नोएडा MRCOG (1) U.K., Ex. Sr. Dr. CIMS, बिलासपुर, Ex. Sr. Dr. JK Hospital- भोपाल, Ex. Spl (Obs & Gyn) NHM रायपुर स्त्री, प्रसुति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ
डॉ. आशीष कुमार जायसवाल एम.डी. फिजीशियन
डॉ. मनोज भारती MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर, हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
मनोचिकित्सक एवं यौन रोग विशेषज्ञ
सौंदर्य बालों एवं चर्म रोग के विशेषज्ञ
डॉ. सुरभि BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विशेषज्ञ
डॉ. हिमांशु गुप्ता MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. जी के दामले MS, ENT, नाक कान गलारोगों के वरिष्ठ अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ. विकास गुप्ता MBBS, D-Ortho अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता MBBS, DCH मुंबई, शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ भूतपूर्व चिकित्सक वाडिया चाईल्ड हॉस्पिटल मुंबई
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
आडियोलॉजिस्ट & स्पीच थैरेपिस्ट
फिजियोथैरेपी एवं नैचुरोपैथी
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774-222555, 9425583780, 9826183780 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
TODAY OFFER
50% Discount on One Way Taxi

| Ambikapur To | Zest | Crysta | Today Offer |
|---|---|---|---|
| Raipur Airpor / Banaras / Bhilai | 4999 | 7999 | 2999 |
| Bilaspur / Korba/ Anuppur | 2999 | 4999 | 1999 |
| Jabalpur / Rewa Prayagraj / Satna | 7999 | 11999 | 4999 |

RAHUL TRAVELS One Way Taxi Pvt Ltd
Scan And Book 9926411411
RAIPUR : Near Raipur Airport , Mana Camp